बाजार में उपलब्ध धुंआरहित स्टोव

1026. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बाजार में कितने प्रकार के धुंआरहित स्टोव उपलब्ध हैं ; और

(ख) ऐसे प्रत्येक स्टोव की उत्पादन लागत क्या है और बाजार में उसके अलग-अलग मूल्य क्या हैं ?

विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री कल्पनाथ राय) : (क) राष्ट्रीय उन्नत चूल्हा कार्यक्रम के अंतर्गत पारिवारिक, सामुदायिक और वाणिज्यक अनुप्रयोगों के लिए विभिन्न प्रकार के ईंधन और इंधन मिश्रणों को जलाने में सक्षम स्थिर और सफरी उन्नत चूल्हों का प्रचार किया जा रहा है । इस समय स्थिर चूल्हों के 45 अनुमोदित मॉडल और सफरी चूल्हों के 21 अनुमोदित मॉडल हैं ।

(ख) विभिन्न प्रकार के स्थिर और सफरी चूल्हों की अनुमोदित लागत विवरण में दी गई है । (नीचे देखिए) विभिन्न प्रकार के उन्नत चूल्हों की स्थापना के लिए भारत सरकार उपयोगकर्ताओं को 50% से 90% की श्रंखला में वित्तीय सहायता देती है ।

विवरण

विभिन्न प्रकार के उन्नत चूल्हों की लागत

क्रम० सं०	मॉडल/प्रकार	अनुमोदित लागत
स्थिर*		
1.	एक बरतन वाला	25 से 74
2.	दो बरतन वाला	50 से 105
3.	तीन बरतन वाला	50 से
4.	सामुदायिक	10(
सफरी**		
5.	सी पी आर आई मीडियम (टाइप-I)	12(
6.	सी पी आर आई वृहत् (टाइप–I)	165
7.	सी पी आर आई मध्यम (टाइप –II)	150
8.	हर्ष	125
9.	स्वास्थि	110
10.	नव ज्योति लघु	60
11.	नव ज्योति मध्यम	140
12.	सोना	125
13.	सोना सुपर	150

*स्वनियोजित कामगार को दी स्थापना लागत को छोड़कर ।

**अनुमोदित लागत में निर्माताओं दी गई लगभग 10% छूट श है ।

Change in the Contract terms ween Indian Oil Corporation Nissho Iwai Corporatic

1027. SHRIMATI SATYA *BA* Will the Minister of PETROI AND NATURAL GAS be pleas state:

(a) whether it is a fact that a tract between Indian Oil Corpoi and Nissho Iwai Corporatior. signed on 6th January, 1989, fo supply of pipe for Gujarat H; cracker Project, Baroda; and